<u>हिन्दी प्रादेशिक समाचार</u>

<u>आकाशवाणी चंडीगढ़</u>

तिथि 15 अप्रैल 2026 समय 18:10

मुख्य समाचार :-

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने तकनीकी विकास से ग्रामीण और शहरी स्वास्थ्य सेवाओं में असमानताओं को दूर किए जाने पर बल दिया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए जल और प्रकृति के संरक्षण सहित नौ क्षेत्रों में पूरी निष्ठा से योगदान देने का आग्रह किया।
- केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक का सभी राजनीतिक दलों ने समर्थन किया।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने को मंजूरी दी।
- करनाल में नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत भव्य पदयात्रा निकालकर लोगों को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे जागरूक किया गया।

**************************************************************

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि तकनीकी विकास से ग्रामीण और शहरी स्वास्थ्य सेवाओं में असमानताओं को दूर किया जाना चाहिए और सभी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। राष्ट्रपति मुर्मू आज एम्स नागपुर के दूसरे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं।

इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने युवा सर्जनों के मरीजों के प्रति विवेकपूर्ण रवैये पर बल दिया और कहा कि डॉक्टरों के मरीजों के प्रति विवेकपूर्ण और सम्मानजनक व्यवहार से ही उनके बीच विश्वास का रिश्ता बनता है। उन्होंने छात्रों से चिकित्सा क्षेत्र में सेवा करते समय निरंतर सीखने और नैतिक मूल्यों के साथ-साथ करुणापूर्ण दृष्टिकोण विकसित करने की क्षमता बढ़ाने का भी आग्रह किया। राष्ट्रपति मुर्मु ने बताया -

राष्ट्रपति ने कहा कि देश भर में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से लोगों को उनके घर के पास ही स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं।

***********************************************************

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए विकास के नौ क्षेत्रों में पूरी निष्ठा से योगदान देने का आग्रह किया है। आज कर्नाटक के मांड्या के पास आदिचुंचनगिरी मठ में गुरु भैरवैक्य मंदिर के उद्घाटन के अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि समाज के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले संतों और धर्मगुरुओं की यही दृष्टि थी।

प्रधानमंत्री ने नागरिकों से जिन नौ क्षेत्रों में सहयोग करने का आह्वान किया, उनमें अपने आसपास, धार्मिक स्थलों, गांवों और शहरों को स्वच्छ रखना शामिल है। प्रधानमंत्री ने स्वदेशी उत्पादों और उद्यमियों को प्रोत्साहित करके स्वदेशी आंदोलन को बढ़ावा देने का भी आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों का दौरा करके भारतीयों द्वारा पर्यटन को प्रोत्साहित किया जा सकता है। श्री मोदी ने  रसायनों और कीटनाशकों का इस्तेमाल कम करते हुए जैविक और प्राकृतिक खेती की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने  खाद्य तेल का कम उपयोग करके मोटापे से बचने के लिए बाजरा का सेवन करके स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की सलाह की। श्री मोदी ने कहा कि योग, खेल और फिटनेस हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा होने चाहिए और प्रधानमंत्री द्वारा घोषित नौवां मिशन सेवा भाव था, जिसका अर्थ है गरीबों और पिछड़े वर्गों के प्रति करुणा। उन्होंने कहा कि यदि इन नौ मिशनों का पालन किया जाए तो हमारा देश जल्द ही एक विकसित देश में परिवर्तित हो जाएगा।

***********************************************************

**********

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि महिला आरक्षण विधेयक कल से शुरू हो रहे संसद के विशेष सत्र में पेश किया जाएगा। नई दिल्ली में पत्रकारों से बातचीत में संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से संपर्क किया है और इस विधेयक का सभी ने समर्थन किया।

श्री रिजिजू ने आश्वासन दिया है कि महिला आरक्षण विधेयक को लेकर चिंता की कोई बात नहीं है, क्योंकि सभी प्रावधानों पर सावधानीपूर्वक विचार किया

गया है। श्री रिजिजू ने कहा कि प्रत्येक राज्य को निष्पक्ष रूप से ध्यान में रखते हुए सीटों की संख्या बढ़ाने के प्रावधान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित विधेयक संतुलित है और प्रत्येक समुदाय, क्षेत्र और राज्य की आकांक्षाओं का ध्यान रखा गया है।

************************************************************

**********

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने ग्रामीण क्षेत्रों में कुछ नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र -पीएचसी व उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने और अन्य कुछ स्वास्थ्य संस्थानों को अपग्रेड करने की मंजूरी दी है।

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि मुख्यमंत्री ने जींद जिले के गांव धतरथ में नया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने की प्रशासनिक स्वीकृति दी है , इसके भवन निर्माण का कार्य जल्द शुरू कर दिया जाएगा। इसी प्रकार , जिला नूंह के गांव साकरस में उप स्वास्थ्य केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में अपग्रेड करने और जींद जिले के ही गांव बिधराना में नया उपस्वास्थ्य केंद्र खोलने की सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई है। उन्होंने बताया कि गांव बिधराना की पंचायत द्वारा सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है कि जब तक इस उपस्वास्थ्य केंद्र का नया भवन तैयार नहीं हो जाता, तब तक उपस्वास्थ्य केंद्र को शुरू करने के लिए पंचायत अपने स्तर पर भवन उपलब्ध करवाएगी।

उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले के लाडवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को 50 बिस्तरीय सामान्य अस्पताल में अपग्रेड करने की भी मंजूरी दी गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इन स्वास्थ्य केंद्रों के शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को समय पर इलाज मिल सकेगा।

************************************************************

**********

करनाल में नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत एक भव्य पदयात्रा का आयोजन किया गया, जिसकी शुरुआत श्री रघुनाथ मंदिर से हुई। इस पदयात्रा को हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने हरी झंडी

दिखाकर रवाना किया। महिलाओं ने पदयात्रा में बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए महिला सशक्तिकरण के समर्थन में आवाज़ बुलंद की।

इस अवसर पर हरियाणा बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि लागू हो रहा महिला आरक्षण कानून, "नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023" देश की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को एक नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक फैसला है।

इस कानून के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% सीटें आरक्षित होंगी। यह व्यवस्था जनगणना और परिसीमन प्रक्रिया पूरी होने के बाद लागू होगी।

****************************************************************

हिसार में आज नारी शक्ति वंदन संकल्प यात्रा निकाली गई।इस पदयात्रा में हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया,जिला अध्यक्ष आशा खेदड़ सहित बड़ी संख्या में महिलाएँ व स्कूली छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।महिलाओं व छात्राओं ने हाथों में ख़ास संदेश लिखी हुई तख्तियां लेकर लोगों को नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे जागरूक किया।इसके उपरांत कबीर छात्रावास में एक सभा का भी आयोजन किया गया जिसमें महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए नारी सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए जागरूक करना है।

****************************************************************